SHRI KALYAN ROY: I expect more courage from him. Here is the man who in this very House, when he was not a Minister demanded why the Government was taking so much time to dismiss the officers connected with Chasnala. And today I saw, to our shame, that he did not open his mouth He is a courageous man. I do not want to deviate. These things do happen when a man becomes a Minister. I have full sympathy with him that he should be promoted to the Cabinet rank.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Mr. Kalyan Roy, this is the penalty one has to pay when one becomes a Minister.

SHRI KALYAN ROY: Sir, the attitude is the same. When the British left and the word 'ICS' was not liked by the people as a whole, they set up this organisation called the Indian Administrative Service, which the IAS officers jokingly call the 'Indian Automatic Service. Whether you are efficient or not, whether you are dynamic or not, whether you are capable or not, your promotion is assured. Have you found in the last 30 years any cases—there may be one or two cases—of dismissal of IAS officers for their failure to carry out their duties properly? You will be surprised, Sir, that an officer connected with the gang of Bansi Lal was responsible for atrocities in Haryana and he was recommended to be punished and the Haryana Government, I think, took some steps in that direction, but then the Central Government intervened and he was kept in his old position in Chandigarh. This is how the powerful structure operates. Nowhere in the world do you find this. All officers, either the District Magistrates or the Sub-Divisional Officers or the Secretariat Officers, have to come from the bottom.

Another thing is that when we send abroad a Government delegation for technical collaboration the leader of the delegation is a man who knows nothing about the technical part of it—the job is done by others—while those who represent delegations from abroad are the topmost authorities in the field. That is the whole tragedy.

The year before last, a Soviet Union Minister, Mr Bretchenko an outstanding authority on coal-mines, was talking with Mr K. C. Pant, who has been underground once in life and who would not be able to distinguish between coking coal and noncoking coal That is the whole structure The reason why I am raising the issue is that, whether in Administration or in the Cabinet, persons who have not specialised in anything are promoted. I know that in a parliamentary form of government you cannot have all the technocrats sitting on the Treasury Benches. But at least there should be some specialists. That is not there.

And this IAS structure which has become so gigantic, so powerful and so big, is one of the stumbling blocks for a radical transformation of the society. After all, what are we for? Do you want a radical transformation or not? Do you want the *status quo* to remain? If we want the *status quo* to remain, then the IAS must remain there, we should not disturb it.

What is the education they get? They go to Simla. As one Hon. Member pointed out, these people are drawn from the upper-middle class, middle class, rich gentry or the elite, and none from the working class, they cannot afford. All these people are grouped together and are made *sahebs*. They are first taught to wish good-morning to each other, how to handle the fork and knife—not that they learn anything—to distinguish between an omelette and a fried egg. Then they go for lunch, then afternoon tea at four early dinner, midnight cap and then they go to sleep. These are the things which they are taught very meticulously. Unless they know these things, the Government feels and the Government felt before that they would not be able to administer a particular thing. People must be afraid of this new class The whole purpose is and the whole psychology is so built that the people as a class are separated from officers. That is why I have complained that in my areas and also elsewhere, nowhere have I seen an IAS officer going to *dhoura*, a worker's quarter or a Harijan *basti* and sharing his meals with them. The IAS officers' gates are always open for the tycoons of the area, the blackmarketeers, the transport operators or the businessmen. Sir, I can give an instance in Asansol. A few years ago private

mine-owners were there, IISCO authority was there and even now there are big industrialists there. I personally once asked a worker to go and invite him. The worker was not allowed to enter the bungalow of the officer. This is the world we are living in. It is a tragedy. I will not blame the Janata Government for it. This is a structure which was built up by the past Government, it has been kept intact by the present Government, and I do not feel at all that they would disturb it. The same officers who were briefing Mr. Pranab Mukherjee are now briefing Mr. Patel. The same officers who were briefing Mr. K. C. Pant, are briefing Mr. Ramchandran. I do not see any change, neither have they any intention to change the pattern. They think that without the IAS the whole administration will collapse. I strongly dissent. We have brilliant people down below, people who need promotion, who have dynamism with legs rooted to the earth, the ground. Their future is blocked. They cannot go up. Few are being promoted. But an IAS officer automatically becomes SDM, then DM, then Under Secretary, then Deputy Secretary, then Joint Secretary and then Secretary.

I know, Sir, one instance in the Coal Department of the Ministry of Energy. Of course, that gentleman has retired two days' back. Mr. Chari who was the Secretary of the Coal Department, Ministry of Energy, was the first non-IAS, non-ICS officer to become a Secretary of a Department, and he actually had to face hostility everyday. They were thinking that there was a non-IAS man and that their privilege had gone.

The whole *status quo*, our mixed economy, our monopoly houses and our IAS officers are tied together. Dr. Chakrabarti is there. He sees only one part of it. But this whole thing is there, this colonial structure which we inherited etc., and not only the IAS. Even if you remove all the IAS and have the technocrats everywhere, the exploitation, the poverty and the really sordid conditions will all continue.

Technocrats alone do not improve the situation. I was surprised today to read a press statement by one of the very leftist Ministers of the present Government in West Bengal, Dr. Jatin Chakrabarti. He said "In some of the public sector undertakings of the West Bengal Government, technocrats are at the top, but they have ruined the public sector undertakings there". I say, this is a part of the whole exploiting system which has been built over the years and which has gained strength. It is not easy to fight with them. Already you have seen in the papers that in State after State, there have been conflicts and clashes between the Janata Ministers and the IAS officers. Somewhere the IAS officers had to retreat and somewhere the Ministers had to retreat, as in Punjab. Mr. Charan Singh also had written an article in the *Illustrated Weekly* or somewhere, I remember. These conflicts are bound to grow and they will be there because the IAS officers think "Well, Ministers may come and Ministers may go; after all, we are the bosses." And with the present composition of the Government, more people are inclined to think so—how long this Government will last, or how long this party will last? This party may break up into fragments and the sooner it does, the better it is for the country. (*Time bell rings*). The question is: Do they have the intention to fight this super-structure which has been built? It has to be fought out. If it is not fought out, it will mislead the Government today as it tried to mislead the Government yesterday. I do not say the bureaucrats alone are responsible for the evils of the Emergency. The Government at that time was equally responsible. It is no use blaming the bureaucracy alone. I blame Mrs. Gandhi; Mrs. Gandhi was equally responsible. But the bureaucrats also played a large part. But if this Government at all wants to do something good, my suggestion is this. Not that they have not done anything

[Shri Kalyan Roy.]

good. I do agree that at least they have restored democracy. There is no doubt about it, and I congratulate the present Government for that. But that is certainly not enough. If there is no political censorship, is it not correct that all the exposures of the offences by the big monopoly houses are suppressed from the papers? We discussed that day the foreign exchange violations by Mr. Hayward of Shaw Wallace and Company. We discussed about how the house of Goenkas is looting the tea gardens. We discussed the affairs of Bird and Company. All these were shut out from the press because the press is dominated by persons like Tarun Kanti Ghosh, who has joined the Janata Party, or Ramnath Goenka or K. K. Birla of the *Hindustan Times*. So, though the political censorship, the naked, crude censorship has gone, the invisible financial censorship continues. So, I do not think this Government will accept the suggestion. Dr. Chakrabarti asked "How do you know they will not accept it?" They cannot accept it because they are also tied with the *status quo* like the past Government. They do not want to disturb the *status quo* and for the *status quo*, the IAS officers are a "must". But if they want to radically transform the society, to distribute land to the landless to consider seriously abolishing the system of monopoly, to bring about dynamism in this country which is today drifting apart here and there, then they must think in terms of a new administrative structure and a new type of thinking should come in their mind, so that jointly we can go forward together and this unnecessary conflict and suspicion between the IAS officers and the rest will vanish for ever. Thank you.

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं डा० रजत कुमार चक्रवर्ती साहब ने जो यह संशोधन प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करता हूं। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान की आजादी के बाद आज 30 वर्षों के बाद या बीच में कई बार ऐसी व्यवस्था बनी है कि प्रथम कोटि के राजा तो बदल जाते है लेकिन दूसरी कोटि के जो देश को चलाने वाले लोग हैं वे नहीं बदलते है यानी 9 प्रान्तों में 1967 में गैर कांग्रसी सरकारें भी बनी और आज तो केन्द्र में जनता प्रार्टी की सरकार बनी है, ऐसा अन्य दुनिया के देशों में नहीं होता है। अमरीका में अगर रिपब्लिकन पार्टी की हकुमत कायम होती है या डेमोक्रेटिक पार्टी की हकुमत कायम होती है तो जो राष्ट्रपति होता है वह क्राम टाप, 10000 एक्जीक्यूटिव आफिसर्स का नया एपाइंटमेंट करता है, अपनी नीतियों को चालू रखने के लिए, चरितार्थ करने के लिए या लागू करने के लिए। अथवा प्रेजीडेंट, जो एक्जीक्यूटिव हेड होता है उसे 10,000 टाप एपाइंटमेंट करने की पावर होती है। लेकिन हमारे मुल्क में आजादी के साथ जो सिस्टम आया वह साम्राज्यवादी था। नौकरशाही का जो साम्राज्यवादी रूप था उसी को हमने ग्रहण किया। इसके अलावा जब तक इस देश की शिक्षा पद्धति में आमूल परिवर्तन नहीं होगा, जब तक पांच प्रकार के स्कूल रहेंगे, पांच प्रकार की किताबें रहेंगी, पांच प्रकार के अध्यापक रहेंगे तब तक लोकशाही, समाजवाद और नौकरशाही की बात करना बिल्कुल बेकार है। अगर हमें इस मुल्क की नौकरशाही में बुनियादी परिवर्तन करना है तो हमें इस मुल्क की शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा। शिमला, ऊंटी, देहरादून और दून के कालेजो में जो लड़के पैदा होंगे वह कभी भी हिन्दुस्तान की 50 करोड़ गरीब के जनता के प्रति वैसा व्यवहार नहीं कर सकते है। इसलिए हमें नौकरशाही के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा और जब तक शिक्षा पद्धति में आमूल परिवर्तन नही होगा तब तक हिन्दुस्तान की नौकरशाही के ढांचे मे कोई परिवर्तन हो नहीं सकता है। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हम जब कभी आई० ए० एस० आफिसर से मिलते हैं तो वह भी

आज यही महसूस करता है कि उसकी कोई हैसियत नहीं है। आई० ए० एस० आफिसर भी सबार्डिनेशन महसूस कर रहे है और जब जनता के प्रतिनिधियों से बातचीत होती है तो वे भी यही कहते फिरते हैं कि आज नौकरशाही की हकूमत है, हम तो कुछ नही हैं। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, इस देश की राजनीति मे एक तरह से दो प्रकार की पीड़ा की स्थिति पैदा हो गयी है। हिन्दुस्तान का आई० ए० एस० आफिसर भी अच्छा महसूस नही कर रहा है। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय,

A civil servant is just like a horse

एक सरकारी कर्मचारी एक घोड़े के समान होता है यदि घोड़े पर सवारी करने वाला बढ़िया है तो जैसे ही पहली एड़ लगाकर घोड़े पर सवारी करेगा, वैसे ही घोडा अपनी गति मे ठीक चलेगा। लेकिन अगर घोड़े को यह पता चल जाय कि उस पर सवारी करने वाला बिल्कुल बेवकूफ है, उसे कुछ नही हो सकता है तो वहीं पर घोड़ा उस सवार को उठाकर पटक देगा। आज हमारे देश की नौकरशाही अगर ठीक ढग से काम नहीं कर रही है तो उसका यही कारण है कि जो उस पर सवारी करने वाले लोग हैं वे उतने योग्य नहीं है जैसे कि होने चाहिएं। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको एक बात साफ कहना चाहता हूं कि इस जनता सरकार मे आज हमारे प्रदेश में ऐसा मुख्य मंत्री बनाया गया है जिसको कि सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी, ज्वाइंट सेक्रेटरी या एडीशनल सेक्रेटरी मे क्या फर्क है, इनकी पावर में क्या फर्क है, इसका भी ज्ञान नही है, जिसको प्रशासन का क, ख, ग, भी नहीं मालूम है। जनता पार्टी में बहुत अंदरूनी संघर्ष हैं, अपनी राजनीतिक सत्ता के कारण यह मेरा है यह मेरा नही है, इसके कारण उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति को मुख्य मंत्री बनाया है जो कि एक तहसील को भी नहीं संभाल सकता है परन्तु उसको 10 करोड़ पापुलेशन का दायित्व दे दिया और फिर यह कहते हैं कि आई० ए० एस० आफिसर ठीक नही है, यह नौकरशाही ठीक से काम नही कर रही है, हम बहुत काबिल है। परन्तु ऐसी बात नहीं है। हिन्दुस्तान के नेता के मन मे एक बात साफ होनी चाहिए कि हिन्दुस्तान की जो नौकरशाही है वे भी देश के नागरिक है; आई० ए० एस० आफिसर भी इस देश के सिटीजन हैं। आप अपनी नीतियों मे परिवर्तन नही करेंगे और दोष नौकरशाही को देंगे। और देश की नौकरशाही के लिए देंगे। मै कहना चाहता हूं, आज हिन्दुस्तान की जो बुनियादी बीन है, हिन्दुस्तान का प्रशासन चलाने की जो क्षमता है, वह हिन्दुस्तान की नौकरशाही के कारण इस देश का शासन चल रहा है। हमने क्या अपनी शिक्षा नीतियों मे परिवर्तन किया, क्या हमने अपनी बुनियादी सर्विस नीतियों मे परिवर्तन किया, क्या हमने अपनी नीतियो में आमूल-चूल परिवर्तन किया ? लार्ड मैकाले ने जो अंग्रेजी साम्राज्य-वाद के सबसे बड़े लम्बरदार थे, उसने अपनी किताब मे लिखा है :

We must do our best to form a class which may be interpreters between us and the millions whom we govern—a class of persons Indian in blood and colour. English is just an inteliect....

"हिन्दुस्तान को गवर्न करने के लिए हमें एक ऐसे क्लास का निर्माण करना है जो हम अंगरेजों और हिन्दुस्तानियों के बीच में इन्टरप्रेटर का काम कर सके"। लार्ड मैकाले की शिक्षा-प्रणाली ही आज हिन्दुस्तान में कायम है और इसी शिक्षा-प्रणाली के कारण ही हिन्दुस्तान में नौकरशाही भी पैदा हुई है और जो ढांचा अंगरेजों ने दिया, क्या उसको इस देश का आइ० ए० एस० आफिसर बदलेगा? क्या आइ० ए० एस० आफिसर उस ढांचे को बदलने की क्षमता रखता है। यह देश का शासन चलाने वाले लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मुल्क के ढांचे में परिवर्तन करें—जो इस मुल्क की नौकरशाही के ढांचे में परिवर्तन करे, जो इस मुल्क की शिक्षा-पद्धति के ढांचे में परिवर्तन करे जो इस

[श्री कल्पनाथ राय]

मुल्क की सामाजिक और आर्थिक नीतियों में परिवर्तन करे और वही इसी मुल्क को चलाने की शासन-पद्धति में परिवर्तन करे। आज हिन्दुस्तान के राजनैतिक जीवन में जिस ढग की गिरावट आ रही है उससे ज्यादा आइ० ए० एस० आफिसरों में गिरावट नहीं आई है। आई० ए० एस० आफिसर कोई अंगरेज नहीं हैं, ये आइ० ए० एस० आफिसर अपने देश के रहने वाले हैं, अपने ही मुल्क के नागरिक हैं, वे भी इस मुल्क के प्रति सोचते हैं समझते है लेकिन किस ने उनको यह अधिकार दिया है? हमने दिया है, हमारे देश के राजनैतिक तंत्र ने दिया है या यह आइ० ए० एस० आफिसरों ने दिया है? इसलिए आइ० ए० एस० आफिसरों को दोष देना कि ये जिम्मेदार है हिन्दुस्तान की गड़बड़ियों के लिए, यह गलत है। यह देश के जो नेता हैं, जो इस देश को चलाने वाले लोग हैं, वे इस देश की नीतियों में परिवर्तन करें। फिर यदि वे उस परिवर्तन को स्वीकार नहीं करते हैं तो उनको गलत कहा जा सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, धर्मवीर को पुलिस कमीशन का चेयरमैन क्यों बनाया है। ऐसे लोगों को मंत्री बनाया जाता है जिनकी कोई ट्रेनिंग नहीं है। इसमें किस का दोष है? जिस व्यक्ति को बिधान सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखने का ढंग नहीं है, जिसको अपनी विधान सभा में खड़ा होने का ढंग नहीं है, जिसको अपने प्रदेश के भूगोल और इतिहास का ज्ञान नहीं है, उसे आपने मुख्य मंत्री बना दिया और वहां कोई सिंचाई योजना नहीं चलेगी, वहां कोई कृषि उत्पादन का कार्य नहीं होगा, उस प्रदेश में कोई इंडस्ट्रियल और अग्रिकल्चरल डेवलपमेंट नहीं होगा, तो क्या इसके लिए नौकरशाही जिम्मेदार है? नौकरशाही को बिना कारण गलत कहना यह भी बड़ी गलत बात है। इसलिए पहले हमको देश की शिक्षा-पद्धति में आमूल परिवर्तन करना चाहिए, दूसरे, जब सत्ता में परिवर्तन हो तो सत्ता में परिवर्तन के साथ 1000 या 2000 जो टाप एक्जीक्यूटिव्जम है, उनमें भी परिवर्तन होना चाहिए। अपने मुल्क की शिक्षा-पद्धति में आमूल परिवर्तन करके हमें नयी नौकरशाही का निर्माण करना चाहिए।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हिन्दुस्तान इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन और टेकनोलाजिकल रिवोल्यूशन के दौर से गुजर रहा है इसलिए यह देश के नेताओं का कर्तव्य है कि वे टेकनोक्रैट्स को सेक्रेटरी नियुक्त करें। अगर बिजली बोर्ड है तो उसका चेयरमैन कोई इन्जीनियर हो, उसका सेक्रेटरी भी इन्जीनियर हो। कौन किसी मुख्य मंत्री को कौन प्रधान मंत्री को किसी टेकनोक्रैट को यू० पी० एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का चेयरमैन बनाने से रोकता है? यह तो मुख्य मंत्री और प्रधान मंत्री का डिस्क्रेशनरी पावर है; यदि वे चाहें तो किसी टेकनोक्रैट को यू० पी० इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का चेयरमैन बनाएं, किसी टेकनोक्रैट को यू० पी० इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का सेक्रेटरी बनाएं। यह तो राजतंत्र में जो देश को चलाने वाले लोग हैं उनके ऊपर मुनहसिर करता है। तो मेरा कहना है कि हमारे देश के अन्दर आइ० ए० एस०, जो जर्नेलिस्ट्स है, उनके ऊपर टेकनोक्रैट्स को, स्पेशलिस्ट्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जो एडमिनिस्ट्रेटर हैं उनके ऊपर आपको टेक्नोक्रैट्स को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि हिन्दुस्तान को औद्योगिक तरक्की की तरफ ले जाना है, यदि हिन्दुस्तान को आप को कृषि के अधिक उत्पादन की ओर ले जाना है यदि हिन्दुस्तान में आपको टेक्निकल रेवोल्यूशन लाना है तो इन क्रान्ति करने वाले लोगों को एडमिनिस्ट्रेशन में आपको प्राथमिकता देनी होगी। यदि सेठिया साहब को एटामिक इनर्जी कमीशन का प्रधान प्रधान मंत्री ने बनाया है तो ऐसा ही हर क्षेत्र में होना चाहिए। जितने हमारे इंजीनियरिंग और टेक्नोलाजी के डिपार्टमेंट है उनके

सेक्रेटरी नियुक्त करने का अधिकार प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्रियों को है और इसलिये इस देश को चलाने वाले नेताओं का कर्तव्य है कि वे अपनी ब्योरोक्रेसी के तंत्र को बदलें । इन भाषणों से कौन सा लाभ होने वाला है । हमारे देश में यदि आर्थिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना है, यदि हमारे देश में पोलिटिकल सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना है तो जनता के प्रतिनिधियों को अपने देश के आई० ए० एस० अफसरों के ऊपर टेक्नोक्रैट्स को प्राथमिकता देनी होगी । मेम्बर पार्लियामेंट की क्या जिम्मेदारी है । उन्हें कौन सा काम करना है ? यदि हम को देश को आर्थिक दृष्टि से और औद्योगिक दृष्टि से मजबूत बनाना है तो यह जो सात, आठ सौ पार्लियामेंट के मेम्बर हैं और यह जो हजारों विधान सभा के सदस्य हैं उनको भी अपने देश की विभिन्न योजनाओं में इंवाल्व करना होगा और नौकरशाही को भी उसमें इंवाल्व करना चाहिए । लेकिन नौकरशाही इस ढंग की है इसके लिये जिम्मेदार कौन है । इसलिये सरकार की तरफ से या जनता पार्टी की तरफ से यह कहा जाना कि आई० ए० एस० अफसर खराब है जब कि उनको अपनी तरफ से कोई बात कहने का यहां कोई मौका नहीं है, सही बात नहीं है । वे खराब नहीं है, आप खराब है । उन लोगों पर बिला वजह हमला करना ठीक नहीं है । यह सिस्टम गलत है । यह पद्धति गलत है । जब तक इसमें हम आमूलचूल परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक देश में नौकरशाही कभी भी सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का वाहन नहीं बन सकती । इसलिये इस परिवर्तन को प्राप्त करने के लिये लोकशाही और समाजवाद के सिद्धान्त को चरितार्थ करने के लिये सबसे बड़ा आवश्यक कार्य है कि सब से पहले शिक्षा में आमूल परिवर्तन किया जाय । जनता सरकार से मैं कहना चाहता हूं कि देश की साठ करोड़ जनता के बेटे जो पढ़ते है उनके लिये एक प्रकार के स्कूल हों, एक प्रकार की किताबें हों, एक प्रकार के अध्यापक हों । जब एक प्रकार के स्कूलों में लड़के पढ़ेंगे तो वह एक प्रकार के हो कर निकलेंगे । जब 50 करोड़ जनता के बेटों के लिये अलग प्रकार के स्कूल होंगे, उनकी किताबें अलग होंगी, उनकी पढ़ाई की व्यवस्था अलग होगी, उनके अध्यापक अलग प्रकार के होंगे, म्युनिसिपैलिटी की पब्लिक के लिये एक अलग पद्धति होगी और अलग प्रकार के अध्यापक होंगे और दिल्ली में सेंट्रल स्कूल के लिये अलग प्रकार की व्यवस्था होगी और बड़े बड़े मिनिस्टरों और नौकरशाहों के बेटों के लिये देहरादून और ऊटी के कालेज होंगे तो इस काम को कौन कर रहा है ? क्या इस काम को देश के आई० ए० एस० अफसर कर रहे हैं ? कलम की एक नोक से हिन्दुस्तान में आर्डिनेंस के माध्यम से शिक्षा में आमूल परिवर्तन किया जा सकता है । लेकिन Your party and your government lack the political will. आप में इच्छा शक्ति नहीं है, पोलिटिकल विल नहीं है । किसी योजना को लागू करने के लिये आप कोई पोलिटिकल विल नहीं रखते हैं । इसलिये You do not have the political will to implement any programme or any policy in the country.

आज हिन्दुस्तान के अन्दर जनता सरकार को काम करने की क्या जरूरत है । वह काम क्यों करेंगे । उनको जनता से क्या मतलब ? उनको तो मतलब है कि पिछली सरकार की किस तरह से रात दिन निन्दा की जाय । उनको काम से क्या मतलब ? जिस सरकार का दृष्टिकोण देश की जनता के लिये काम करने का नहीं है बल्कि पिछली सरकार की दिन रात निन्दा करना ही है वह सरकार क्या चलने वाली है । आल इंडिया रेडियो है । मैं पिछले तीन दिनों से राज्य सभा की प्रोसीडिंग्स में भाग ले रहा हूं पर मेरा नाम नहीं आ सकता । क्यों आयेगा ? यह है इनका लोकतंत्र, यह है प्रजातंत्र । लगता है आडवाणी साहब के घर के लोगों का हिन्दुस्तान का यह सूचना मंत्रालय इनका निजी है, इनकी व्यक्तिगत

[श्री कल्पनाथ राय]

सम्पत्ति है, इसलिए नहीं करता । इसलिए जब तक देश की शिक्षा पद्धति में आमूल परिवर्तन नहीं होता है, तब तक इस देश में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता ।

(*Time bell rings*)

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हम दो बातें कहना चाहते हैं । एक तो सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए । जैसे जिला परिषदें है, उनमें सबसे बड़ी पोस्ट कलेक्टर की है । मेरा कहना है कि कलेक्टर से ऊपर पोस्ट उस जिला परिषद् का जो चेयरमैन है उसकी होनी चाहिए । जिला परिषद के चेयरमैन को कलेक्टर का करेक्टर सर्टिफिकेट लिखने का अधिकार हो । हमारे पीपुल्स रिप्रजन्टेटिव को, मैम्बर पार्लियामेंट को अधिकार होना चाहिए । हम ने पब्लिक सैक्टर इकानामी को स्वीकार किया है । हमने स्टील प्लांट्स लगाये हैं, हैवी इलेक्ट्रिकल लगाये हैं, सरकारी क्षेत्र में आर्डनेंस फैक्टरीज लगाई हैं, एक मैम्बर पार्लियामेंट नहीं बल्कि 15–15 मैम्बर पार्लियामेंट को एक एक पब्लिक अंडरटेकिंग के साथ इंवाल्व कर देना चाहिए कि भाई वहां का मैनेजमेंट ठीक से काम कर रहा है कि नही, वहां उत्पादन ठीक से हो रहा है कि नही, हमारी नीतियों और प्राथमिकताओं के अनुकूल उत्पादन हो रहा है कि नही, यह देखें । तो यह सरकार की नीति. सरकार का पोलिटिकल विल है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब तक पोलिटिकल विल नही होगी तब तक देश में परिवर्तन नही हो सकता है ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें उसके बाद एक और बात कहनी है । दुनिया के प्रजातांत्रिक देशों में, दुनिया के मुल्कों में जब सत्ता का परिवर्तन होता है तो सत्ता के परिवर्तन के साथ साथ उस मुल्क की ऐक्जीक्यूटिव में, कार्यपालिका में एक बहुत बड़ा परिवर्तन होता है । जैसे अगर समाजवादी सरकार है तो उसके अनुकूल समाजवाद में विश्वास करने वाले व्यक्तियों को सेक्रेटरी के पद पर अपाइंट करता है । अगर सरकार पूंजीवादी सरकार है तो प्राइवेट सैक्टर को बढ़ावा देने वाले सैक्रटरीज को मुख्य मुख्य कार्यपालिका के स्थान पर रखती है । लेकिन मेरे मुल्क में सत्ता का परिवर्तन पहली बार हुआ है, इसलिए इस मुल्क में सत्ता के परिवर्तन के साथ साथ जो मुल्क के अन्दर टाप ऐक्जीक्यूटिव हैं उनके अन्दर भी परिवर्तन होना चाहिए ।

(*Time bell rings*)

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमने अपने संविधान में लोकतंत्र की स्थापना की घोषणा की है, हमने अपने संविधान में भारत को सैक्यूलर स्टेट बनाने की घोषणा की है । हमने अपने संविधान में समाजवादी समाज की रचना की घोषणा की है । लेकिन समाजवाद की दिशा में जब हमने कदम उठाया तो इस मुल्क की न्यायपालिका ने, इस देश की कार्यपालिका ने उसके रास्ते में रोड़े डाले । हमारे देश की महान् नेता इंदिरा गांधी जी ने जब बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया तो बैंकों के राष्ट्रीयकरण का देश की जनता ने स्वागत किया, लेकिन हिन्दुस्तान की न्याय-पालिका ने बैंक राष्ट्रीयकरण के खिलाफ फैसला किया और जो देश की जनता चाहती थी, उसके खिलाफ देश की न्यायपालिका ने फैसला किया और फैसला करने में आज का जस्टिस शाह जो खुद एक बैंक में शेयर लिये था वह भी उसमें शामिल था । हमने राजा-महाराजाओं के प्रिवीपर्स को समाप्त किया, देश की करोड़ों जनता ने उसका स्वागत किया कि राजे-महाराजे इस देश से चले जाये, लेकिन इस देश की न्यायपालिका ने प्रिवीपर्स की समाप्ति के खिलाफ फैसला किया । इस मुल्क में जब जब समाजवाद की तरफ कदम उठाये गये तब तक इस मुल्क के निहित स्वार्थों ने, इस मुल्क की न्यायपालिका ने, इस मुल्क की नौकरशाही ने उस समाजवादी कदम के खिलाफ हमेशा निर्णय किया ।

THE VICE CHAIRMAN (SHRI U. K LAKSHMANA GOWDA). Please wind up.

श्री कल्पनाथ राय : जहां तक नीतियों के निर्माण का प्रश्न है, सरकार तय करती है कि किसी मुल्क की दाम नीति, शिक्षा नीति, भाषा नीति, विदेश नीति क्या होगी और उन नीतियों के कार्यान्वियन का सारा दायित्व ऐक्जीक्यूटिव या आइ०ए०एस० के ऊपर होता है। इसलिए मेरा कहना है कि चूंकि हिन्दुस्तान अब इंडस्ट्रियल और टेक्नोलाजिकल रेवलूशन के दौर से गुजर रहा है, इसलिए जर्नलिस्ट्स की अपेक्षा स्पेशलिस्ट्स और आइ०ए०एस० की अपेक्षा टेक्नोक्रैट्स को ऐडमिनिस्ट्रेशन में प्राथमिकता देकर हमें अपने उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहिए। धन्यवाद।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह यादव) : उपसभाध्यक्ष जी, डा० रजत कुमार चक्रवर्ती ने संविधान के अनुच्छेद 312 में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव रखा। संविधान के संशोधन के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव उन्होंने रखा है, उसको अगर गौर से देखा जाए तो अर्थ यही निकलता है कि आल इंडिया सर्विसेज की एक नई व्यवस्था कायम की जाए। और जिसका नाम अखिल भारतीय सेवा या जिसे अखिल भारतीय प्रशासन और प्रबन्ध सेवा नाम दिया जाय। साथ ही साथ डा० चक्रवर्ती को यह आभास हुआ कि आई० ए० एस० अधिकारियों के मुकाबले वैज्ञानिकों और तकनीकी लोगों को वह स्थान नहीं मिलता है जो उनको मिलना चाहिए। इसलिए लेटर एन्ट्री के आधार पर एक नई अखिल भारतीय सेवा का प्रपोजल उन्होंने रखा है। मैं आरम्भ में यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस प्रस्तावित विधेयक के उद्देश्य की पूर्ति अनुच्छेद 312 का जो संशोधन करने के लिए प्रस्ताव रखा गया है, उस संशोधन के बिना ही इसकी पूर्ति हो जाती है। संविधान के अनुच्छेद 312 के अनुसार राज्य सभा अपने उपस्थित सदस्यों के 2/3 मतों के द्वारा कोई भी संकल्प पास करा सकती है और उसमें परिवर्तन कर सकती है। इसलिये मैं समझता हूं कि इस प्रकार के एमेन्डमेंट को लाने की आवश्यकता नहीं है और न ही कोई धारा जोड़ने की आवश्यकता है।

जहां तक डा० चक्रवर्ती जी की इन बातों की तरफ मेरा ध्यान जाता है कि हमारे वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकों को उचित स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाय, उनकी इन भावनाओं से हम सहमत हैं। इस संबंध में आप अगर आंकड़े देखें तो यह पाएंगे कि हमारी अखिल भारतीय सर्विसेज में इस समय भी ऐसे अधिकारी मौजूद हैं जो नान-आई० ए० एस० और नान-आई० पी० एस० हैं। उनके कुछ आंकड़े मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। अगर आप इनको ध्यान से देखें तो आप यह स्थिति पाएंगे कि ऐसे अधिकांश और अनेक पदों पर जहां तकनीकी व्यक्तियों और विशेषज्ञों की आवश्यकता पड़ती है वहां पर गैर आई० ए० एस० वालों को ही नियुक्त किया जा रहा है। उदाहरण के लिए आज भारत सरकार के 63 सचिवों में से 29 पर गैर-आई० ए० एस० व्यक्तियों को रखा गया है। इसी प्रकार से अवर सचिव या अन्डर सेक्रेटरी तथा उसके ऊपर के स्तर के भारत सरकार के अधीन जो 2015 पद है उनमें 28.6 प्रतिशत पदों पर आई० ए० एस० अधिकारी नियुक्त है। इनके अलावा बाकी सारे अधिकारी गैर आई० ए० एस० हैं। गैर आई० ए० एस० सचिवों के संबंध में मैं आपको कुछ कंक्रीट एक्जाम्पल देना चाहता हूं। इस समय डा० मनमोहन सिंह वित्तीय कार्य और बैंकिंग विभाग के सचिव हैं। ये आई० ए० एस० नहीं है। श्री मनतोश सोंधी जो इस्पात और खान मंत्रालय के सचिव है और श्री वी० कृष्णमूर्ति भारी उद्योग विभाग में सचिव है, ये भी नान आई० ए० एस० है। इसी प्रकार से श्री एस० एस० मराठे उद्योग विभाग में सचिव है और श्री एम० एस० स्वामिनाथन आई० सी० ए० आर० में सचिव व

[श्री कल्पनाथ राय]

डायरेक्टर जनरल के पद पर नियुक्त हैं। ये सब लोग नान आई० ए० एस० हैं। ऐसा लगता है कि पिछली बार जब यह बिल पेश किया गया था तो उस समय यह स्थिति थी कि आई० ए० एस० वालों की तरफ ही ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हो। लेकिन अब मैं यह बताना चाहता हूं कि अब वह स्थिति नहीं है और ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति के संबन्ध में जो मेथड अपनाया जाता है वह इस प्रकार से है—

Recruitment to the Indian Administrative Service is made by the following methods:

(1) Direct recruitment through an annual competitive examination held by the Union Public Service Commission. The direct recruitment is against 66-2/3 per cent of the total number of vacancies available in the various State Cadres of the Service.

(2) By promotion of substantive members of the State Civil Service. Till 5th July, 1977 the number of posts which could be filled by promotion was limited to 25 per cent of the senior duty posts in State Cadre of the Service. This percentage has now been increased to 33.1/3 per cent.

(3) By selection, in special cases from among persons who held in a substantive capacity gazetted posts in connection with the affairs of a State and who are not members of the State Civil Service. This provision enables the Commission to recruit to the Service any person of outstanding ability and merit serving in connection with the affairs of the State who is not a member of the State Civil Service. Not more than 15 per cent of the posts in the promotion ceiling in each State Cadre can be filled through this method. This percentage has now been increased to 33.33.

नियुक्तियों के इन तरीकों को देखते हुए प्रस्ताविन विधेयक की कोई आवश्यकता नहीं है।

तो मैं यह बताना चाहता हूं कि स्टेट सर्विसेज, जो सिविल सर्विसेज है, वहां से जो अधिकारी आई० ए० एस० विंग में आते हैं, उनका औसत 33 प्रतिशत रखा गया है, जबकि यह पहले 25 प्रतिशत था। तो ऐसी स्थिति में मैं आपको यह बताना चाहता हूं और यह बताने के लिये सहर्ष तैयार हूं कि जो भावनायें डा० चक्रवर्ती जी ने दिखाई हैं कि हमारे वैज्ञानिकों के साथ, तकनीशियनों के साथ जो व्यवहार होता है, उसके साथ इनफिरियरटी की भावना से काम लिया जाता है या समझा जाता है, यह बात नहीं है। अगर कोई इस बात को अपने से समझता हो, तो सरकार और मैं उसके लिये जिम्मेदार नहीं हैं। हम वैज्ञानिकों का आदर करते हैं, हम तकनीशियनों का आदर करते हैं, हमारी सरकार उनका सम्मान करती है। उनका....

SHRI KALP NATH RAI: I want to ask one question. Are you going to appoint, as a matter of your policy engineers and doctors as Deputy Secretaries, Additional Secretaries and Secretaries?

SHRI NARSINGH YADAV: मैं बात कह रहा हूं। आप इन्टरेस्ट न करें।

SHRI KALP NATH RAI: I put a question.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): In his reply, he is clarifying that.

SHRI KALP NATH RAI: I put a question. Is your Government going to adopt a policy to appoint doctors, engineers and technologists as Secretaries and Additional Secretaries?

SHRI NARSINGH YADAV: As a policy, the Government will decide it.

कैबिनेट डिसीजन लेगी । जिनकी नियुक्ति कर दी गई है, उनके अलावा बाकी के लिये कैबिनेट डिसीजन लेगी और जो माननीय सदस्य सुझाव दे रहे हैं, उन सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस बात को बताया जायेगा । तो मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि माननीय सदस्यों को इस प्रकार की भावना से अभिग्रसित होने की आवश्यकता नही है और जो आपके वेल्युएबल सुझाव हैं, उन सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस बात की ओर जरूर ध्यान दिया जाएगा कि ऊंचे पदों मे नियुक्ति के लिये जो कि वर्तमान पद्धति चल रही है उसको क्रियाशील बनाया जाय, उनको ऐक्टिव किया जाय ।

दूसरी चीज जो है और जो स्थिति मैंने आपके सामने बताई, उसके सबन्ध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं । वह यह कि 1974 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने भी वेतन आयोग की रिपोर्ट पर संसद के सामने अपने वक्तव्य में सरकार की बुनियादी नीति को दोहराते हुए बताया था कि हमारे तकनोशियनों और हमारे साइंटिस्टों को ऊंचा स्थान मिलना चाहिए । हमारी सरकार किसी भी हालत में इस प्रकार के लोगों के प्रति कोई अन्याय करने को तैयार नही है, उनके साथ जस्टिस जरूर होगा और सरकार इस तरह के काम क आगे बढ़ायेगी ।

कुछ साथियों ने अपने सुझाव या अपनी कुछ बातें सदन के सामने रखी हैं और कुछ लोगों ने कहा कि पिछली सरकार ने यह किया, अगली सरकार क्या करेगी ? मैं इसकी बहस मे नहीं जाना चाहता । हम समझते हैं और पिछली सरकार के लोग भी यह समझते हैं कि कुछ ऐसी बातें है जिन्हें सोचना जरूरी है । दोनों पक्षों के लोगों ने आई० ए० एस० के पक्ष में और विपक्ष में अपने विचार प्रक किये हैं । उनके अपने अपने अनुभव है, उनकी अपनी-अपनी बातें है । कोई क्रियेटिव सुझाव आप देंगे तो उस पर सरकार जरूर विचार करेगी । म लोग न तो किसी आई० ए० एस० को हीनता की भावना से देखना चाहते हैं और न किसी अन्य भावना से या दृष्टि मे देखना चाहते हैं ।

एक बात जो श्री कल्पनाथ राय ने कही है कि शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन होना चाहिए, उससे मैं सहमत हूं । यह एक बुनियादी सवाल है और यह पद्धति बहुत पुराने जमाने से चली आ रही है । सरकार के सामने क्या परिस्थितियां है, क्या बातें हैं कि जो यह नहीं हो रहा है, इस बारे में पहले से भी सरकार से मांग की जा रही थी, यह सब शिक्षा विभाग का काम है और शिक्षा मंत्रालय इसको देखेगा ।

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही ने सवाल किया था कि आई० ए० एस० पर कोई नियंत्रण नहीं रहा है । मैं बताना चाहता हूं कि इस वर्तमान सरकार के अधीन जितने भी आई० ए० एस० अधिकारी हैं, वे अनुशासित रहेंगे और जो अनुशासन के अन्दर नहीं रहेगा और आप उसके बारे में सबूत देंगे तो निश्चित रूप से उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी और इसके लिए सरकार पीछे नहीं रहेगी । सरकार उस काम में आगे रहेगी । तो हम इन शब्दों के साथ, और बातों को अपने साथ रखते हुए माननीय सदस्य से निवेदन करेंगे कि अपना विधेयक वापिस ले लें ।

श्री कल्प नाथ राय : आदरणीय उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात पूछना चाहता हूं क्या मंत्री महोदय यह बताएंगे कि Is he going to give preference to technocrats as compared to the I.A.S officers?

श्री नरसिंह यादव : यह पालिसी मैटर है । गवर्नमेंट इस पर विचार करेगी । मैंने आपको पहले बता दिया है कि इसके बारे में कैबिनेट डिसाइड करेगी । जैसा कि डा० चक्रवर्ती ने बताया कि इसमें कम्पलीकेशंस बढ़ेंगी । सब बातों को देखा जाएगा । अगर

[श्री नरसिंह यादव]

आप कंक्रीट सुझाव भेजेंगे तो उन पर विचार किया जाएगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): Dr. Chakrabarti, do you want to reply now or next time? There are only three or four minutes and the House has to be adjourned at 5 o'clock.

DR. RAJAT KUMAR CHAKRABARTI: Sir, I will reply now. I will take only another five minutes.

SHRI BIPINPAL DAS (Assam): Why don't you reply next time?

DR. RAJAT KUMAR CHAKRABARTI: All right I will reply next time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA): The House stands adjourned till 11 A.M. on Monday, the 5th December, 1977.

The House then adjouned at fifty-seven minutes past four of the clock till eleven of the clock on Monday, the 5th December, 1977.

GMGIPMR—Job I—1318 R.S.—JC 4222—30-1-78—400